an>

title: Regarding collection of toll tax.

श्री राजेश रंजन (मधेपुरा): अध्यक्ष महोदया, मैं 124 करोड़ की जनता की समस्याओं की तरफ आपका ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूं। पूरे देश में सबसे अत्यधिक परेशानी टॉल टैक्स को लेकर है, कुछ दिन पूर्व ट्रक एसोसिएशन ने ट्रक हड़ताल किया था, उसमें माननीय मंत्री गडकरी साहब से वार्ता भी हुई थी, वर्तमान सरकार इसे लेकर गंभीर चिंता प्रकट की है। टॉल टैक्स के मालिकों देश की आर्थिक व्यवस्था को हानि पहुंचाई जा रही है, उसकी चोरी हो रही है। पूरे देश में इससे ट्रक मालिक शोषित हो रहे हैं इसके साथ साथ आम आदमी का वक्त बर्बाद होता है, महिलाएं, बच्चे और बीमार आदमी परेशान होता है। आप इस संवेदनशील मुद्दे पर गंभीर हैं। जब 14,000 करोड़ रुपये टॉल टैक्स से भारत सरकार को आता है, ट्रक एसोसिएशन का कहना है कि हम 15,000 करोड़ रुपये टॉल टैक्स देने को तैयार हैं। इस देश में टॉल टैक्स को भारत सरकार समाप्त करें जिससे आम आदमी को परेशानी से निजात मिले।

माननीय अध्यक्ष : श्री केशव प्रसाद मौर्य, श्री राजीव सातव, श्री भैरों प्रसाद मिश्र, श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय और श्री दुष्यंत चौटाला को श्री राजेश रंजन द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।